(2)

प्रसार भारती
PRASAR BHARATI

Broadcasting Corporation of India

वार्षिक लेखा
2001-02
Annual Accounts
2001-02

PRASAR BHARATI

द्वितीय तल, पी टी आई भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001
2nd floor, PTI Building, Parliament Street, New Delhi 110001

प्रसार भारती
(भारतीय प्रसारण निगम)
पी0टी0आई0 भवन, दूसरा तल,
संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001

PRASAR BHARATI
(Broadcasting Corporation of India)
P.T.I. Building, 2nd Floor,
Sansad Marg,
New Delhi-110 001

लेखा परीक्षा रिपोर्ट

AUDIT REPORT

2001-02

प्रसार भारती
(भारतीय प्रसारण निगम)
पी0टी0आई0 भवन, दूसरा तल,
संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001

PRASAR BHARATI
(Broadcasting Corporation of India)
P.T.I. Building, 2nd Floor,
Sansad Marg,
New Delhi-110 001

लेखा परीक्षा रिपोर्ट एवं अन्तिम लेखा

AUDIT REPORT & FINAL ACCOUNTS

2001-02

लेखा परीक्षा की गई

कार्यालय महानिदेशक लेखा परीक्षा
केन्द्रीय राजस्व,
इन्द्र प्रस्थ इस्टेट
नई दिल्ली-110002

ACCOUNTS AUDITED BY

DIRECTOR GENERAL OF AUDIT
CENTRAL REVENUE
INDRAPRASTHA ESTATE
NEW DELHI-110001

सत्यमेव जयते

कार्यालय महानिदेशक लेखा परीक्षा, केन्द्रीय राजस्व
OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF AUDIT, CENTRAL REVENUES

इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नई दिल्ली - 110 002
INDRAPRASTHA ESTATE, NEW DELHI - 110 002

क्रमांक/No.....ए.एम.जी.-II/एस.ए.आर./पी.बी./2004-05/ दिनांक/DATED .....

सेवा में,

सचिव, भारत सरकार
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,
ए, विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली।

विषयः वर्ष 2001-02 के लिए प्रसार भारती, नई दिल्ली पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

महोदय,

मैं प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम), नई दिल्ली के वर्ष 2001-02 के प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति उसके प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की हिन्दी प्रति सहित संसद के पटल पर रखने के लिए संलग्न करती हूँ।

संसद को प्रस्तुत दस्तावेजों की दो प्रतियाँ, उस तिथि को दर्शाते हुए जब ये संसद को प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाए।

कृपया पावती भेजें।

संलग्नकः यथोपरि

भवदीया,

निदेशक (ए.एम.जी.II)

दूरभाष : 23454100, फैक्स : 011-23702271 नई दिल्ली •Telephone : 23454100, Fax : 011-23702271 New Delhi

सं.ए.एम.जी.।।/एस.ए.आर./पी.बी./2004-05/ 652 दिनांकः 5.7.2005

प्रति, प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति, उसके लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की हिन्दी प्रति सहित श्री एन समाती, लेखा नियंत्रक एवं महाप्रबंधक, प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) पी.टी.आई. बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110 001 को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित की जाती है।

संसद को प्रस्तुत दस्तावेजों की दो प्रतियां, उस तिथि को दर्शाते हुए जब वे संसद को प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाएं।

निदेशक (ए.एम.जी.II)

ए.एम.जी.।।/एस.ए.आर./पी.बी./2004-05/ दिनांकः

प्रति, प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति, उसके लेखापरीक्षा प्रतिदेन तथा लेखापरीक्षा प्रमाण-पत्र की हिन्दी प्रति सहित श्री बी.के.सेठी, वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी (रिपोर्ट-ए बी) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110 002 को अग्रेषित की जाती है।

यह पत्र म.नि.ले.प.के.रा. के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

निदेशक (ए.एम.जी.II)

वर्ष 2001-02 के लिए प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) नई दिल्ली के लेखाओं पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

प्रस्तावना

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम), भारत के राजपत्र संख्या 643 दिनांक 23.11.1997 में अधिसूचित संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया था। निगम के मुख्य उद्देश्य है:-

- जनता को सूचना, शिक्षा एवं मनोरंजन हेतु लोक प्रसारण सेवाओं का आयोजन एवं संचालन करना एवं रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारण का संतुलित विकास सुनिश्चित करना;
- देश की एकता एवं अखंडता को संभालना और संविधान के मूल्यों को प्रतिस्थापित करना;
- राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय लोकहित के सभी मामलों पर स्वतन्त्रतापूर्वक, सत्यनिष्ठा तथा निष्पक्ष रूप से नागरिकों के हितों की सुरक्षा करना तथा विरोधी विचारों के विषय में इनकी अपने मत या विचार धारा का समर्थन न करके उनको सम्मिलित करके सूचनाओं के उचित व सन्तुलित प्रवाह को प्रस्तुत करना;
- शिक्षा और साक्षरता फैलाना, कृषि, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष ध्यान देना;
- खेलकूद और क्रीड़ा को पर्याप्त रूप से आवृत्त करना जिससे कि स्वस्थ मुकाबले और क्रीड़ा-कौशल की भावना को प्रोत्साहित किया जा सके;
- विभिन्न स्तरों पर प्रसारण के अतिरिक्त चैनल स्थापित करके प्रसारण सुविधाओं का विस्तार करना।

22.5.2000 को संघ सरकार और प्रसार भारती के बीच शुरू हुए समन्वयन के ज्ञापन के अनुसार प्रसार भारती ने 2000-01 से परिवर्तन करके नई लेखा पद्धति अपनायी। लेखे पूरे भारतवर्ष में फैली हुई प्रसार भारती की सभी इकाइयों के लेखों की स्थिति दर्शाते हैं। प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम), जिसके दो सहयोगी खंड क्रमशः आकाशवाणी और दूरदर्शन हैं ने 1.4.2000 से अपने कार्य कलाप प्रारम्भ किये हैं। इन दो खंडों के दिन प्रतिदिन की प्राप्ति एवं भुगतान के लेन-देन मूलतः लगभग 600 आ.स. कार्यालयों के द्वारा निष्पादित किये जाते हैं।

नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्त्तव्य, शक्तियाँ और सेवा शर्तें) अधिनियम 1971, के अनुच्छेद 19 (2) तथा प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम 1997 के अनुच्छेद 21 (3) के अन्तर्गत प्रसार भारती के लेखाओं की लेखापरीक्षा की जाती है।

प्रसार भारती मुख्यतः भारत सरकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से सहायता अनुदान एवं ऋणों से वित्तपोषित होती है। प्रसार भारती ने वर्ष 2001-02 के दौरान भारत सरकार से 930.13 करोड़ रू. का अनुदान एवं 142.05 करोड़ रू. का ऋण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त निगम ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों से 9.09 करोड़ रू. का सहायता अनुदान प्राप्त किया। इसने इस वर्ष के दौरान 562.46 करोड़ रू. की वाणिज्यिक प्राप्तियाँ और 1.09 करोड़ रू. की गैर वाणिज्यिक प्राप्तियाँ सृजित कीं।

लेखाओं पर टिप्पणियाँ

2. तुलन पत्र

2.1 देयताएं

2.1.1 चालू देयताएं और प्रावधान (अनुसूची-7)

(क) चालू देयताएं: निक्षेप निर्माण कार्य के प्रति प्राप्त अग्रिम: 20.42 करोड़ रू.

आहरण एवं संभरण अधिकारियों द्वारा जमा निर्माण कार्य के रूप में प्राप्त राशि में से किये गये भुगतान, प्राप्तियों से अधिक दर्शाये गये थे। परिणामस्वरूप वर्तमान देयताओं में 4.66 करोड़ रू. के ऋणात्मक शेष सम्मिलित थे, जो कि फलस्वरूप उस राशि की देयता कम करके दर्शायी गयी थी। ऋणात्मक शेष का वेतन एवं लेखाअधिकारियों-वार विवरण निम्नलिखित है:-

(लाख रूपये में)

पी.ए.ओ. का नाम	अथ शेष	वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ	वर्ष के दौरान भुगतान	अन्तिम बकाया
पी.ए.ओ., डी.डी., चैन्नई	0.13	(-) 3.92	-	(-) 3.80
पी.ए.ओ., आकाशवाणी, कोलकाता	(-) 251.61	-	154.59	(-) 406.20
पी.ए.ओ., डी.डी., नागपुर	19.07	72.58	93.63	(-) 1.98
पी.ए.ओ., आकाशवाणी, मुम्बई	(-) 54.00	-	-	(-) 54.00
पी.ए.ओ., डी.डी., गुवाहाटी	-	0.99	1.15	(-) 0.16
			कुल	(-) **466.14**

ऋणात्मक शेषों की जाँच पड़ताल एवं उनमे सुधार करने की तुरन्त आवश्यकता है। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि भारत सरकार के लेखों में जमा कार्य तथा सुरक्षा जमा/जमानती राशि शीर्षों के अन्तर्गत ऋणात्मक शेषों का बकाया पड़े रहने के कारण एकत्रित हुये, बकायों का हस्तान्तरण नहीं किया गया था। मुख्य नियंत्रक लेखा, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से शेषों के स्थानान्तरण करने के लिए निवेदन किया गया था। ऋणात्मक शेषों के प्राप्त होने के पश्चात् ऋणात्मक शेषों का निपटान कर दिया जायेगा।

2.1.1.2 चालू देयताएं - जमा, बयाना राशि, जमानती राशि/सुरक्षा जमा 127 करोड़ रू.

(i) इस देयता में पी.ए.ओ. आकाशवाणी नई दिल्ली द्वारा सूचित 28.72 लाख रू. की प्राप्ति शामिल थी और जिन्हें प्रसार भारती के लेखाओं में एफ.डी.आर. शीर्ष के अंतर्गत दर्शाया गया था। सूची बैंकों की जमा लेखाओं (केनरा बैंक) के सूची 11 में चालू परिसम्पत्तियों, ऋण एवं अग्रिम आदि को देयताओं को उपरोक्त शीर्ष के अन्तर्गत दिखाने के बजाए इस 28.72 लाख रू. की प्राप्तियों को, बैंक शेषों के शीर्ष के अंतर्गत घटाकर दिखाया जाना चाहिए था। इसके परिणामस्वरूप देयताओं तथा परिसम्पत्तियों को 28.72 लाख रू. से अधिक बताया गया है। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि वित्तीय वर्ष 2003-04 के लेखाओं में आवश्यक सुधार कर लिया गया है।

(ii) बाहरी पार्टियों को वापस देय जमानत राशि/सुरक्षा जमा राशि 98.42 लाख रूपये को देयता में शामिल किया गया था। 2001-02 वर्ष के लेखाओं को समेकित करना तथा तैयार करने हेतु वेतन एवं लेखा अधिकारी द्वारा प्राप्ति एवं भुगतान लेखाओं की संवीक्षा से ज्ञात हुआ है कि आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा प्राप्त राशि में से किया गया भुगतान जमानती/सुरक्षा

जमा के रूप में जमा की गई राशि से अधिक था। फलस्वरूप चालू देयताओं में 4.19 करोड़ रूपये ऋणात्मक शेषों को शामिल करने के कारण देयताओं को उतनी राशि से कम बताया गया था। ऋणात्मक शेष का वेतन एवं लेखाअधिकारियोंवार विवरण निम्नलिखित है:-

(लाख रू. में)

पी.ए.ओ. का नाम	आरम्भिक बकाया	प्राप्तियाँ	भुगतान	अन्तिम बकाया
पी.ए.ओ. आ.वा. नई दिल्ली	66.03	392.07	500.34	(-) 42.24
पी.ए.ओ. आ.वा. चैन्नई	(-) 40.58	-	117.08	(-) 157.66
पी.ए.ओ. आ.वा. लखनऊ	0.18	45.67	58.58	(-) 12.73
पी.ए.ओ. दूरदर्शन, कोलकाता	0.02	0.29	144.30	(-) 144.00
पी.ए.ओ. दूरदर्शन, चैन्नई	(-) 39.16	-		(-) 39.16
पी.ए.ओ. आ.वा. कोलकाता	(-) 35.39	17.86	-	(-) 17.53
पी.ए.ओ. दूरदर्शन, नई दिल्ली	-	-	6.14	(-) 6.14
			जोड़	(-) **419.46**

ऋणात्मक बकायों की जांच पड़ताल एवं उनमे सुधार की तुरन्त आवश्यकता है। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि सरकार के लेखे में पड़े 'जमा कार्य' और जमानती राशि/सुरक्षा जमा शीर्ष के अन्तर्गत एकत्रित हुए बकायों को हस्तान्तरण करने के कारण ये ऋणात्मक शेष थे। मुख्य लेखा नियंत्रक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से प्रसार भारती ने हस्तांतरण करने के लिए निवेदन किया था। ऋणात्मक शेषों की बकायों की प्राप्ति होने के पश्चात् निपटान कर दिया जायेगा।

2.1.1.3 अन्य चालू देयताएं - वेतन एवं मजदूरी, इत्यादि से वसूली - 21.31 करोड़ रू.

उपरोक्त में निम्नलिखित शामिल है:-

(i) वर्ष 2000-2001 के दौरान आयकर के 1.19 करोड़ रू. आयकर के विरूद्ध जमा कराने हेतु स्टेशन निदेशकों से वसूल किये गये और 78.86 लाख रू. आयकर अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध जमा नहीं कराये गये थे। इन देयताओं का निपटान न करना आयकर नियमों के विरूद्ध था। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) में ऐसा प्रतीत होता था कि लेखाओं में गलत वर्गीकरण हुआ तथा मामला संबंधित वेतन एवं लेखा अधिकारियों के साथ उठाया गया था।

(ii) 2.01 करोड़ रूपये आकाशवाणी के स्टाफ के मकान किराये/लाइसेंस शुल्क से सम्बन्धित थे। क्योंकि यह देयता किसी भी बाहरी एजेन्सी/पार्टी को भुगतान नहीं की जानी थी, 2.01 करोड़ रूपये की सम्पूर्ण राशि प्रसार भारती की आय के रूप में दर्शायी जानी चाहिए थी। इसके परिणामस्वरूप देयता 2.01 करोड़ रू. से अधिक दिखाई गई थी और आय 2.01 करोड़ रू. से कम दर्शाई गई। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि 2003-04 के लेखाओं में सुधार कर लिया गया था।

(iii) सरकार की ओर से देय वसूलियां (आयकर शामिल करते हुए) 1.58 करोड़ रू. की एक निवल देयता बनती थी। सरकार की ओर से वसूलियों का प्रेषण वसूलियों से अधिक था जो गैर प्राप्तियों/वसूलियों का गैर-लेखाकरण लेखाओं में गलत वर्गीकरण को इंगित करता है।

(लाख रू. में)

पी.ए.ओ. का नाम	लेखा शीर्ष	1.4.2001 को अथ शेष	प्राप्तियाँ	प्रेषण	31.3.200 को अन्तिम शेष
पी.ए.ओ. दूरदर्शनए नई दिल्ली	सरकार की ओर से वसूलियाँ	-	8.64	40.54	(-) 31.90
- वही -	ठेकेदार से आयकर	(-) 144.78	-	-	(-) 144.78
पी.ए.ओ. आकाशवाणी, चैन्नई	- वही -	(-) 13.34	-	-	(-) 13.34
- वही -	सरकार की ओर से वसूलियाँ	शून्य	0.07	17.26	(-) 17.19
पी.ए.ओ. दूरदर्शन, चैन्नई	- वही -	(-) 116.95	24.97	29.31	(-) 121.29
पी.ए.ओ. आकाशवाणी, कोलकाता	ठेकेदार से आयकर	(-) 39.25	-	-	(-) 39.85
पी.ए.ओ. दूरदर्शन, कोलकाता	सरकार की ओर से वसूलियाँ	(-) 3.02	(-) 43.29	-	(-) 46.31
				कुल	(-) 414.66

ऋणात्मक बकायों का समाधान करने हेतु अत्यधिक ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि मामला सम्बन्धित वेतन एवं लेखाअधिकारियों को त्रुटियों के सुधार करने हेतु प्रेषित कर दिया गया है।

(iv) आय और व्यावसायिक कर सहित सरकार की ओर से वसूलियों से सम्बन्धित 1.58 करोड़ रूपये जो सरकारी खाते में प्रेषित होने थे, निम्नलिखित आठ पी.ए.ओ. द्वारा समुचित निधि होने के बावजूद भी प्रेषित नहीं किये गये।

(लाख रू. में)

पी.ए.ओ. का नाम	देयता प्रभारित नहीं की गई
पी.ए.ओ. आकाशवाणी, नई दिल्ली	49.03
पी.ए.ओ. आकाशवाणी, लखनऊ	3.80
पी.ए.ओ. आकाशवाणी, कोलकाता	1373.10
पी.ए.ओ. दूरदर्शन, गुवाहाटी	644.78
पी.ए.ओ. दूरदर्शन, नागपुर	3.97
पी.ए.ओ. दूरदर्शन, मुम्बई	3.80
पी.ए.ओ. एफ.डी., मुम्बई	69.32
पी.ए.ओ. दूरदर्शन, कोलकाता	0.30
जोड़	**2148.10**

वर्ष 2001-02 के दौरान वेतन एवं लेखाअधिकारी, दूरदर्शन कोलकाता, दूरदर्शन गुवाहाटी, दूरदर्शन नागपुर, दुरदर्शन मुम्बई तथा वेतन एवं लेखाअधिकारी, आकाशवाणी, नई दिल्ली, ने सरकारी लेखाओं में राशि का प्रेषण नहीं किया था। सरकार की और इन में वसूलियों को भी वसूली नहीं की गई थी। इसके अतिरिक्त 2001-02 के दौरान सरकार की और वेतन एवं

लेखाअधिकारी आकाशवाणी, नई दिल्ली, वे.ले.अ.आ.वा., चैन्नई, वे.ले.अ.दू.द., गुवाहाटी, वे.ले.अ.दू.द., नागपुर, वे.ले.अ.ई.डी., मुंबई तथा इरला, नई दिल्ली में अपने लेखाओं में किसी भी वसूली को नहीं दर्शाया था।

प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि आ. एवं वि. अधिकारियों को वर्ष 2001-02 के दौरान सकल आधार पर निधि दे दी गई थी और उनकी वसूलियों का वे.ले. अधिकारियों को चैक/डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा प्रेषण करने को कहा गया था। इस प्रकार से वसूलियों को लेखाओं में नहीं दर्शाया गया क्योंकि चैकों का आहरण कर्मचारियों के निवल वेतनों के साथ किया गया था। देयताओं को निपटान करने का कारण या तो निधि की कमी था या फिर लेखाओं में गलत वर्गीकरण। वे.एवं ले. अधिकारियों से विवरण भेजने को कहा गया था।

2.1.1.4 चालू देयताएं - विविध देनदार - अन्य 3.21 करोड़ रूपये

प्राप्ति एवं भुगतान लेखाओं के भुगतान पक्ष में उपरोक्त दर्ज राशि को 'अन्य विविध-भुगतान-अन्य पाटियाँ तथा विभागीय अग्रिम' शीर्ष के अन्तर्गत समायोजन के रूप में दर्शाया गया था। इस प्रकार तुलन पत्र की देयता के 'विविध देनदार' शीर्ष के अन्तर्गत गलत दर्ज करने के परिणामस्वरूप देयता की 3.21 करोड़ रू. से अत्योक्ति हुई।

प्रसार भारती ने बताया (दिसम्बर 2005) कि 3.21 करोड़ रू. की देयता में से 1.79 करोड़ रूपयों की राशि भुगतान पक्ष में समायोजन के विरूद्ध थी। 1.42 करोड़ रूपये अभी विभागीय अग्रिमों के विरूद्ध समायोजन होना बाकी थे।

2.1.1.5 प्रावधान शून्य रू.

(i) इसमे 4258.08 करोड़ रू. के सरकारी ऋण पर 7 प्रतिशत की दर से 318.93 करोड़ रू. ब्याज शामिल नहीं था। यह मामला प्रसार भारती द्वारा सरकार के साथ माफ करने हेतु अनुसूची 25 की टिप्पणी-5 के माध्यम से आगे उठाया गया है। अभी तक सरकार ने प्रसार भारती के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया है।

(ii) इसमें 281.35 करोड़ रूपये के सरकारी ऋण पर 14.5 प्रतिशत के ब्याज की दर से 30.47 करोड़ रूपये का ब्याज शामिल नहीं था। निगम के इस ऋण को ब्याज मुक्त करने के अनुरोध को सरकार ने अभी तक (नवम्बर 2004) स्वीकार नहीं किया था।

(iii) लेखाओं में अचल परिसम्पत्तियों पर मूल्यह्रास का तथा अनुपयुक्त तथा संदेहास्पद ऋणों का भी प्रावधान नहीं किया गया है। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि इस ने नकदीकरण को अपनाया था अतः मूल्यह्रास का लेखा में कोई प्रावधान नहीं किया गया था। उत्तर तर्क संगत नहीं है क्योंकि अचल परिसम्पत्तियों पर मूल्यह्रास प्रभारित करना होता है।

2.1.2 कारपस/पूंजीगत निधि (अनुसूची-1)

सहायता अनुदान 911.77 करोड़ रू.

930.13 करोड़ रू. की संस्वीकृत अनुदानों के विरूद्ध सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से प्राप्त अनुदान के शीर्ष के अंतर्गत केवल 911.77 करोड़ रू. की प्राप्ति ही दर्शायी गई जिसके परिणामस्वरूप आय को तथा इसी प्रकार कारपस/पूंजीगत निधि को 18.36 करोड़ रूपये तक कम बताया गया। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि 2002-03 वर्ष के लेखाओं में त्रुटियों को ठीक कर लिया गया था।

2.2 परिसम्पत्तियाँ

2.2.1 अचल सम्पत्ति (अनुसूची-8) 5052.88 करोड़ रूपये

प्रसार भारती के 31.3.2002 के तुलन पत्र में 5052.88 करोड़ रूपये मूल्य की परिसम्पत्तियाँ निम्नलिखित शीर्षों के अन्तर्गत दर्शायी गई है।

क्र.सं.	शीर्ष	लाख रूपयों में
1.	संयंत्र/मशीनरी एवं उपकरण	
	(क) प्रसारण स्थल	159289.09
	(ख) संचारी	256391.25
	(ग) अन्य	7721.32
2.	वाहन	42.65
3.	फर्नीचर और फिक्सचर	158.71
4.	कार्यालय उपकरण	256.86
5.	अन्य अचल परिसम्पत्ति - विभिन्न योजनाओं पर पूँजीगत व्यय	81428.30
	योग	**505288.18**

सामान्य वित्तीय नियमों के अन्तर्गत, फार्म सा.वि.नि.19 में अनुरक्षित किये जाने वाले अपेक्षित कोई भी केन्द्रीय सम्पत्ति रजिस्टर प्रसार भारती द्वारा अनुरक्षित नहीं किये गये थे। सम्पत्ति रजिस्टर के अभाव में 5052.88 करोड़ रू. के मूल्य की सम्पत्ति की औचित्यता लेखापरीक्षा द्वारा सत्यापित नहीं की जा सकी। प्रसार भारती ने बताया (अप्रैल 2004) कि आकाशवाणी/दूरदर्शन नियमावली में दिये गये नियमों के अनुसार क्षेत्रीय इकाई द्वारा परिसम्पत्ति रजिस्टरों को अनुरक्षित करना होता है। उत्तर तर्क संगत नहीं है क्योंकि केन्द्रीय रजिस्टर के बिना, जो आंकड़े तुलन पत्र में दर्शाये गये उनकी प्रमाणिकता लेखापरीक्षा में सत्यापित नहीं की जा सकी। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि वर्तमान अनुदेशों के अनुसार स्टेशनों को कहा गया था कि परिसम्पत्ति रजिस्टर को अनुरक्षित करना जारी रखे। प्रसार भारती ' स्थायित्व में ऋण ' के रूप में स्थानान्तरित 4258 करोड़ रूपयों की परिसम्पत्तियों को सत्यापित तभी किया जा सकता है जब सभी स्टेशनों के प्रोफार्म लेखे पूर्ण हो जायं। भूमि एवं भवन के लिए केन्द्रीय परिसम्पत्ति रजिस्टर की अनुरक्षण की सम्भावना पर विचार किया गया था।

2.2.2 विविध देनदार - शून्य रू.

इसमें 31.3.2002 को विभिन्न पार्टियों से प्राप्य राशि सम्मिलित नहीं की गई जिसका विवरण यूनिट से एकत्रित नहीं किया गया और न ही एकीकृत/समेकित कर लेखा प्रस्तावों में दर्ज करके प्रसार भारती के अन्तिम लेखाओं में सम्मिलित किया गया था। प्रसार भारती द्वारा उपलब्ध कराई सेवाओं के बदले में विभिन्न पार्टियों से वसूली योग्य राशि दर्शाई जानी चाहिये। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि लेखे रोकड़ आधार पर बनाए जा रहे थे। उत्तर तर्क संगत नहीं है क्योंकि निगम की निति सामान्यतया स्वीकार्य लेखाकरण नियमों के साथ मेल नहीं खाती है।

2.2.3 चालू परिसम्पत्तियां, ऋण और अग्रिम आदि (अनुसूची-11)

2.2.3.1 चालू परिसम्पत्तियाँ - अनुसूचित बैंकों में शेष - चालू खातों में 47.65 करोड़ रूपये एवं संग्रहण खातों में 5.89 करोड़ रू.

वर्ष 2001-02 में प्रसार भारती द्वारा निम्नलिखित बैंक खाते परिचालित किये जा रहे थे। तथापि कारपोरेट मुख्यालय ने संबंधित लेखांकन अभिलेखे जैसे कि खातानुसार रोकड़ पुस्तक, लेखानुसार लेजर, दैनिकी पुस्तक, सामान्य खाता, लेखानुसार मासिक बैंक समाधान विवरणी आदि अनुरक्षित नहीं किये थे। बैंक समाशोधन नहीं किया गया था और असमाशोधित आंकड़ों को प्रसार भारती के 2001-02 वर्ष के अन्तिम लेखाओं में शामिल नहीं किया गया था।

क्र.सं.	बैंक का नाम	चालू खाता सं.	लेखे का नाम	संयुक्त रूप से परिचालित
1.	केनरा बैंक	1657	खेल लेखे (प्राप्ति लेखा)	जी.एम.(बी.और ए.)एवं जी.एम. (पी.)
2.	भारतीय स्टेट बैंक	01000503122	प्राप्ति लेखा	जी.एम.(बी.और ए.)एवं जी.एम. (पी.)
3.	भारतीय स्टेट बैंक	01000503120	प्राप्ति लेखा	जी.एम.(बी.और ए.)एवं जी.एम. (पी.)

प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि रिकार्ड तैयार किया जा रहा था।

2.2.3.2 चालू परिसम्पत्तियाँ-बैंक शेष-अन्य विभिन्न कार्यालयों में-159.58 करोड़ रू.

(i) वर्ष 2001-02 के लिए बैंक खर्चा लेखाओं से संबंधित बैंक समाशोधन विवरणी वे.ले.अ. द्वारा जनवरी एवं फरवरी 2004 में प्राप्त किये गये थे जब प्राप्ति एवं भुगतान लेखाओं को समेकित कर लिया और कारपोरेट मुख्यालय द्वारा अनुमोदित कर दिया गया था। वितरण एवं आहरण अधिकारियों के अन्तिम कुछ शेषों को, अनुमोदित अन्तिम लेखाओं में गलत ग्रहण कर लिया गया था, जिसके परिणाम स्वरूप 2.62 करोड़ रू. (7 मामलों में) की न्यूनोक्ति हुई तथा (5 मामलों में) अन्तिम शेषों को 1.72 करोड़ रू. अधिक बताया (क) बैंक लेखो (अन्य कार्यालय)।

(ii) वे.ले.अ. आकाशवाणी, नई दिल्ली से संबंधित कालातित चैकों को निरस्त नहीं करने के कारण 6.84 लाख रूपये की न्यूनोक्ति हुई थी। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि वितरण एवं आहरण अधिकारियों से बैंक समाशोधन विवरणियाँ प्राप्त नहीं होने के कारण वे.ले.अधिकारियों द्वारा कालातीत चैकों के स्तर एवं परिमाण की जांच नहीं की गई थी।

(iii) बैंक खातों की सत्यता एवं यथार्थता की जांच करने हेतु बैंक द्वारा उपलब्ध कराई बैंक विवरण के साथ पासबुक में बकाया किसी भी तिथि को बकाया से बैंक कालम की रोकड़ बही की उस तिथि से बकाया का मेल खाना चाहिए। प्रसार भारती ने अपने परिपत्र सं.न.पी.बी.(बी)(1)/डी.जी.एम.(बी एण्ड ए) दिनांक 20.2.2001 के द्वारा यह अनुदेश जारी किये और इस बात पर बल दिया कि मासिक आधार बैंक समाधान तैयार किये जायें और उनको प्राप्ति एवं भुगतान लेखाओं के साथ प्रेषित करें। परन्तु किसी भी वेतन एवं लेखा अधिकारी के कार्यालयों ने वर्ष 2001-02 में बैंक समाधान विवरण नहीं प्रस्तुत किया। अतः उपरोक्त लेखाओं में दर्शाये गये 159.58 करोड़ रू. बैंक बकायों की शुद्धता को लेखापरीक्षा में सत्यापित नहीं किया जा सका। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि आ. एवं स.अ. तथा वे. एवं ले. का. से बैंक समाशोधन विवरणी प्राप्त करने के भरसक प्रयास किये जा रहे थे।

(iv) वर्ष 2001-02 के लेखाओं में सात वेतन एवं लेखा अधिकारियों के कार्यालयों से वे हैं आकाशवाणी, नई दिल्ली, लखनऊ, कोलकाता, मुम्बई और दूरदर्शन कोलकाता, गुवाहाटी,

नागपुर के प्राप्ति लेखाओं में दर्शाये गये अन्तिम बकायों में उपरोक्त 11.59 करोड़ रू. शामिल थे। प्रसार भारती द्वारा अपने आदेश संख्या पी.बी.(बी सी आई)/डी.जी.एम.(बी एण्ड ए) दिनांक 20.2.2001 से वाणिज्य/गैर वाणिज्य प्राप्तियां को, पृथक बैंक खाता, जिन्हें 'प्राप्ति लेखा' कहते हैं, जिसके पास संचालन शक्ति नहीं है, में जमा कराने हेतु आहरण एवं सम्भरण कार्यालयों को निर्देश दिये गये थे। प्रसार भारती के मुख्य लेखा में प्राप्ति को हस्तांतरण तथा एक जमा विवरण प्राप्ति लेखा निर्धारित फार्मेट में जमाओं और प्राप्तियों का पूर्ण ब्यौरा देते हुए आहरण एवं सम्भरण कार्यालयों द्वारा वेतन एवं लेखा अधिकारी को प्रस्तुत करना अपेक्षित था। वेतन एवं लेखा अधिकारियों को इसकी एवज में प्राप्तियाँ जो बैंक प्राप्ति लेखों में जमा कराई गई थी, से सम्बन्धित सभी आहरण एवं संभरण अधिकारियों जिसकी एक प्रतिलिपि डी जी एम (बी एण्ड ए) तथा एक प्रति दूरदर्शन/आकाशवाणी बजट डिवीजन को भेजी जानी थी, समेकित विवरण तैयार करने का कार्य सौंप दिया था। तथापि ऐसा विवरण, जिसमें प्राप्ति लेखों में जमा की गई राशि तथा प्रसार भारती के मुख्य लेखा में से हस्तांतरण, किसी भी वे.ले.अ. ने प्रसार भारती को प्रस्तुत नहीं किया था। इसके अभाव में वे.ले.अधिकारियों द्वारा दिखाया गया 8.77 करोड़ रूपये जो अन्तिम शेषों में प्राप्ति लेखों के अन्तर्गत शीर्ष के उप पैरा 2.2.5(iv) में उल्लेखित है, लेखापरीक्षा में सत्यापित नहीं किया जा सका। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि आहरण एवं सम्भरण अधिकारी तथा वे.ले.अ. को आय एवं व्यय का बैंक समाधान विवरण तैयार करने को कहा गया था परन्तु अभी क्षेत्रीय ईकाईयों से प्रतीक्षित है जिसके कारण समाशोधन का कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका।

(v) आगे, प्रत्येक वे.ले.अधिकारियों के प्राप्ति एवं भुगतान लेखाओं में प्राप्ति लेखा शीर्ष के अन्तर्गत अन्तिम शेषों में अन्तरों को अवलोकित किया गया था और वे अथ शेष के लेखा में लेने के पश्चात् वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ तथा प्रसार भारती के अपने मुख्य लेखा में राशि का स्थानान्तरण दिखाया जाना चाहिए था। ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

(लाख रू. में)

पी.ए.ओ. का नाम	1.4.2001 के प्राप्ति एवं भुगतान लेखा के अनुसार अथ शेष	वर्ष 2001-02 के दौरान प्राप्तियाँ	2001-02 के दौरान निधियों को पी बी मुख्य लेखा को हस्तान्तरण	2001-02 के प्राप्ति एवं लेखाओं में दर्शाती अन्तिम शेष	31.3.2002 के लेखाओं के अनुसार अन्तिम शेष	अन्तर
आकाशवाणी मुम्बई	159.61	1810.38	1686.47	283.52	315.83	32.31
आकाशवाणी लखनऊ	4.26	36.18	26.26	14.18	17.57	3.39
आकाशवाणी कोलकाता	50.87	508.14	138.61	420.40	478.96	58.56
दूरदर्शन कोलकाता	21.14	30.81	31.92	20.02	20.71	0.69
दूरदर्शन गुवाहाटी	8.43	26.54	1.87	33.10	30.86	(-) 2.24
दूरदर्शन नागपुर	2.25	10.61	-	12.86	13.00	0.14
			जोड़	**784.08**	**876.93**	

इस प्रकार प्रसार भारती ने उपरोक्त अन्तरों का समाशोधन किये बिना ही अन्तिम रूप दे दिया। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि मामला संबंधित वेतन एवं लेखा अधिकारियों के साथ उठाया जा रहा था।

2.2.3.3 चालू परिसम्पत्तियाँ: मुख्यालयों/डी.डी.ओ. से/को प्रेषित ट्रांजिट मे समाशोधनः 32.20 करोड़ रू.

(i) 2001-02 वर्ष के अथ शेषों के साथ 2000-01 वर्ष के लेखाओं के अन्तिम शेषों में निम्नलिखित शीर्षों के अन्तर्गत 103.84 करोड़ रूपये का अन्तर सम्मिलित है जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है।

(लाख रूपयों में)

लेखा का शीर्ष	31.3.2001 को अन्तिम शेष	1.4.2001 को अथ शेष	अन्तर
बैंक शेष			
अन्य कार्यालय	13260.04	2807.83	(-)10452.21
नकदी	70.20	64.70	(-) 5.50
अग्रदाय	281.17	354.84	(3) 73.67
जोड़	**13611.41**	**3227.37**	**10384.04**

इसके परिणाम से अग्रदाय को 73.67 लाख रू. से अत्योक्ति बताया तथा 104.52 करोड़ रूपये और 5.50 लाख रूपयों से क्रमशः बैंक शेषों - अन्य कार्यालयों एवं नकदी की न्यूनोक्ति हुई। प्रसार भारती (अप्रैल 2004) लेखाओं में उपरोक्त अन्तरों की पुष्टि की और बताया (फरवरी 2005) कि मामला वि.आ.अ. एवं वे.ले.अ. के साथ पत्राचार अधीन था।

(ii) प्रसार भारती के 31.3.2002 को समाप्त हुए प्राप्ति एवं भुगतान लेखाओं में प्राप्ति पक्ष में अन्तिम शीर्ष को, प्राप्तियों की अंतिम शीर्ष में हस्तांतरण की प्रतीक्षा, के अन्तर्गत जिसमें 11.17 करोड़ रूपये शामिल थे दर्शाया गया। उपरोक्त राशि को वे.ले.अ. वार नीचे दिया गया है:

(लाख रूपयों में)

पी.ए.ओ. डी.डी.दिल्ली	1075.33
पी.ए.ओ. डी डी चैन्नई	17.36
पी.ए.ओ. डी.डी. लखनऊ	23.93

उपरोक्त शीर्ष के अन्तर्गत दर्ज की गई राशि, मासिक अन्तिम निम्नलिखित मासों में बैंक/रोकड़ शेषों के बीच के अन्तर को तथा बैंक/नकद के अथ शेषों को दर्शाती है। उपरोक्त शीर्ष में उपरोक्त अन्तरों का समायोजन के परिणामस्वरूप परिसम्पत्तियों में 11.17 करोड़ रू. की न्यूनोक्ति हुई। प्रसार भारती ने (अप्रैल 2004) बताया कि संबंधित वे.ले.अ. को उपरोक्त लेखा शीर्ष को समाशोधन करने के लिए कहा गया था। वे.ले.अ. से उत्तर प्राप्त होने के पश्चात् इस राशि का समाशोधन कर लिया जायेगा।

2.2.3.4 उधार एवं अग्रिम - अन्य - रू. 2.96 करोड

प्रसार भारती के 31.3.2002 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान लेखे में भुगतान पक्ष में 'अन्तरण प्रविष्टि का प्रभाव' शीर्ष के अन्तर्गत 49.36 लाख रू. को शामिल किया गया था। उक्त प्रविष्टि का विवरण एवं प्रकृति कारपोरेट कार्यालय में उपलब्ध नहीं थी

तथा राशि को सही शीर्ष के लेखे में दर्ज करना शेष था। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि मामला प्रधान लेखा अधिकारियों, डी.डी. नागपुर एवं गुवाहाटी से पत्राचाराधीन था।

3. आय एवं व्यय

3.1 व्यय

3.1.1 ब्याज शून्य रू.

(i) संघ सरकार द्वारा स्वीकृत 4258.08 करोड़ रूपये के 'स्थायित्व में ऋण' पर 7 प्रतिशत की दर से 298.07 करोड़ रू. का ब्याज इसमें शामिल नहीं हैं। प्रसार भारती ने ब्याज को माफ कराने का मामला सरकार के साथ अनुसूची 25 के अंतर्गत टिप्पणी 5 के अनुसार उठाया है। जो कि अभी तक (नवम्बर 2004) सरकार द्वारा विचाराधीन है। इस मद के लिए लेखों में कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप 318.93 करोड़ रू. की देयताओं की न्यूनोक्ति और 'आय पर अत्यधिक व्यय' की न्यूनोक्ति भी हुई। इसके परिणामस्वरूप इस सीमा तक आय पर अत्यधिक व्यय की न्यूनोक्ति भी हुई।

प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि ऋण पर ब्याज को माफ करने का मामला मंत्रालय के साथ पहले से ही उठाया गया है।

(ii) संघ सरकार से प्राप्त 281.35 करोड़ रूपये के ऋण पर 14.5 प्रतिशत की दर से प्रोदभूत एवं देय 12.66 करोड़ रू. का ब्याज इसमें शामिल नहीं था। प्रसार भारती का इस ऋण को ब्याज मुक्त करने के अनुरोध पर अभी तक (नवम्बर 2004) सरकार ने विचार नहीं किया है। इस मद के लिए लेखों में कोई प्रावधान नहीं है। इसके परिणामस्वरूप 30.47 करोड़ रूपये की देयताओं की न्यूनोक्ति और 'इसी सीमा तक आय पर अत्यधिक व्यय' की न्यूनोक्ति भी हुई।

प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि ऋण पर ब्याज को माफ करने का मामला मंत्रालय के साथ उठाया गया है।

3.2 आय

3.2.1 अनुदान/परिदान (अनुसूची 13) शून्य रू.

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय द्वारा अनुमोदित आय एवं व्यय लेखा विवरणी के प्रोफार्मे के अनुसार संघ सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान प्रसार भारती की आय के रूप में अभिलिखित होने अपेक्षित हैं। तथापि वर्ष के दौरान प्राप्त किये गये 920.86 करोड़ रूपये के सहायता अनुदान आय के बजाय संग्रह/पूंजीगत निधि के रूप में माने गये थे। जिसके परिणामस्वरूप 920.86 करोड़ रूपये की 'आय पर व्यय के आधिक्य' की अत्युक्ति हुई। प्रसार भारती के लेखे में 667.96 करोड़ रूपये के 'आय से अधिक व्यय' के बजाय 252.90 करोड़ रूपये को 'व्यय से अधिक आय' के रूप में दर्शाया जाना चाहिये था। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि सरकार द्वारा प्रदान अनुदान अविशिष्ट प्रकृति की पूँजीगत प्राप्तियाँ को क्रेडिट करके संग्रह/पूँजीगत निधि में सीधे रूप से ले लिया गया था और इसे योगदान के प्रोत्साहक के रूप में माना गया था। तथापि आय और व्यय लेखाओं में दर्शाये गये घाटे को सरकारी अनुदान के प्रति समायोजित कर दिया गया था। निवल प्रभाव वैसा ही रहा। तथापि प्रसार भारती ने बताया कि सरकार के अनुदानों के लेखाकरण की पद्धति विचाराधीन थी।

3.2.2 अनुसूचित बैंकों में सावधि जमा पर अर्जित ब्याज (अनुसूची-17): 35.16 लाख रूपये

(i) वेतन एवं लेखाधिकारी आ.वा., नई दिल्ली के वर्ष 2001-02 के मुख्यालय की प्राप्ति एवं भुगतान लेखाओं के समेकन के साथ जाँच में प्रकट हुआ कि वर्ष 2001-02 में सावधि जमा पर प्रसार भारती को 59.75 लाख रूपये प्राप्त हुए थे। इसमें से 24.59 लाख रूपये बजट अनुभाग को प्रेषित किए गए थे तथा शेष 35.16 लाख रूपये को सावधि जमा पर ब्याज शीर्ष में आय दर्शाया गया था। चूँकि ब्याज की राशि को मुख्यालय को अन्तरित किया गया था। 24.59 लाख रूपये के, बजट अनुभाग को अन्तरण को प्रसार भारती के (1) डिवीजन को अन्तरण के रूप में दर्शाया जाना चाहिए था न कि ब्याज प्राप्ति से घटाकर। इससे प्रसार भारती के खातों में आय को 24.59 लाख रूपये से कम दर्शाया गया। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि क्योंकि नियंत्रक लेखे के पास कोई प्राप्ति खाता मौजूद नहीं था सावधि जमा पर प्राप्त ब्याज को बजट अनुभाग को अंतरित करके निधियों के अन्तरण के परस्पर चालू खाताओं शीर्ष के अन्तर्गत दिखाया गया था। उनके खातों में प्राप्तियों के वर्गीकृत लेखांकन हेतु बजट अनुभाग सक्षम प्राधिकारी था। उनके लेखाओं से प्रतीत होता था कि इसे अर्जित ब्याज की बजाय विविध प्राप्तियों के रूप में दर्शाया गया था। जिससे आय को कम नहीं बताया गया था। उत्तर तर्क संगत नहीं है क्योंकि अपनाया गया वर्गीकरण गलत था।

(ii) केनरा बैंक में सावधि जमा रसीद के रूप में अथ शेष के रूप में 64.48 करोड़ रू. में 43 करोड़ रूपए की एक सावधि जमा रसीद शामिल थी। प्रसार भारती ने इसे केनरा बैंक में अन्तिम शेष के रूप में जमा नहीं दर्शाया था तथा इसे वर्ष के दौरान परिपक्व होना बताया गया। प्रसार भारती वर्ष 2001-02 में इसकी परिपक्वता तथा इस पर अर्जित ब्याज का विवरण प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रसार भारती के खाताओं में 43 करोड़ रूपये की सावधि जमा पर ब्याज को दर्शाया नहीं गया था। 43 करोड़ रूपये की सावधि जमा पर अर्जित ब्याज को खाताबद्ध न किए जाने के कारण आय पर व्यय के आधिक्य को अधिक करके दर्शाया गया था। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि 43 करोड़ रूपये की सावधि जमा रसीद वर्ष 2001-02 में परिपक्व हो गयी थी लेकिन चूक वश इस पर प्राप्त ब्याज को जमा खाते में क्रेडिट किया गया था वर्ष 2003-04 के खाते में इस त्रुटि को ठीक किया जा रहा था।

4. प्राप्तियाँ एवं भुगतान लेखे

4.1 प्राप्तियाँ

4.1.1 प्रसार भारती तथा अन्य कार्यालयों (डी.डी.ओ.) से हस्तांतरण के कारण बकाया: 10.99 करोड़ रू.

यह सभी क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा प्रेषित की गई तथा निगम मुख्यालय को सूचित की गई तथा प्राप्ति लेखे में प्रेषित पाई गई राशियों के बीच का शुद्ध अन्तर है। अन्तर को निगम मुख्यालय द्वारा क्षेत्रीय इकाइयों के साथ समाशोधित नहीं किया गया था। जिसके अभाव में प्राप्तियों एवं भुगतान लेखाओं में दर्शाई गई राशियों की शुद्धता लेखापरीक्षा में सत्यापित नहीं की जा सकी। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि डी.डी.ओ. से प्राप्ति लेखे के लिए बैंक समाधान विवरणी की प्राप्ति पर अन्तर का पता लगाया जायेगा तथा लेखे में गलत वर्गीकरण, यदि कोई हुआ तो, को ठीक कर दिया जायेगा।

4.1.2 प्रसार भारती तथा अन्य कार्यालयों से हस्तान्तरण के कारण बकाया - प्रसार भारती लेखेः 61.16 करोड़ रू.

यह 2001-02 के दौरान प्रसार भारती के बजट अनुभाग द्वारा निगम मुख्यालय से बाहर स्थित विभिन्न बाहरी इकाईयों को जारी राशि तथा निगम मुख्यालय को सूचित एवं बाहरी कार्यालयों द्वारा दर्ज की गई वास्तविक प्राप्तियों का समेकित योग एवं निगम मुख्यालय को सूचित की गई वापसियों का निवल अन्तर था। उपरोक्त अन्तर को निगम मुख्यालय द्वारा समाशोधित नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्राप्तियाँ एवं भुगतान लेखे में दर्शाये गये आंकड़ों की औचित्यता लेखापरीक्षा में जांच नहीं की जा सकी। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि अन्तर वर्ष 2001-02 के अन्तर्गत समय पर जारी राशियों को दर्शाता है। वे. एवं. लेखा का. को आंकड़ो को सम्बद्ध डी.डी.ओ. को साथ समाशोधन करनें को कहा गया है।

4.2 भुगतान

4.2.1 प्रसार भारती के प्राप्तियाँ एवं भुगतान लेखों में ऋणात्मक शेष का गैर-समाशोधन

निम्नलिखित लेखा शीर्ष के अन्तर्गत दर्शाये शेषों में ऋणात्मक प्रविष्टियां दिखाई गइ थी जिनका अभी तक समाधान नहीं किया गया था, परिणामतः 3.92 लाख रू. की प्राप्तियों तथा 7.24 लाख रू. के भुगतानों को कम बताया गया था।

(लाख रू. में)

पी.ए.ओ. का नामः प्राप्तियाँ	लेखों के शीर्ष	राशि
पी.ए.ओ. डी.डी. चैन्नई	अन्य पार्टियों/विभागों से प्राप्त जमा	(-) 3.92

पी.ए.ओ. का नामः भुगतान	लेखों के शीर्ष	राशि
पी.ए.ओ आकाशवाणी कोलकाता	वेतन बिलों से कटौती	(-) 2.79
पी.ए.ओ आकाशवाणी मुम्बई	- वही -	(-) 0.12
पी.ए.ओ. आकाशवाणी कोलकाता	मध्यस्थता भुगतान	(-) 1.51
पी.ए.ओ. आकाशवाणी चैन्नई	स्टॉक पर व्यय	(-) 2.82
	जोड़	**(-)7.24**

प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि मामले को सम्बन्धित पी.ए.ओ. के साथ विपरीत शेषों की पूर्ति हेतु उठाया गया है।

4.2.2 बैंक खातों का न दर्शाया जाना - प्राप्तियाँ लेखे तथा व्यय लेखे पृथक रूप से प्रसार भारती के लेखाओं में

प्रसार भारती के क्षेत्राधिकार में प्रत्येक आहरण एवं संभरण अधिकारी (डी.डी.ओ.) को निधियों के प्रबन्धन हेतु पृथक दो बैंक खातों का अनुरक्षण करना होता है अर्थात् प्राप्ति लेखे तथा व्यय लेखे। जबकि डी.डी.ओ. की सभी प्राप्तियों को (वाणिज्यिक तथा गैर वाणिज्यिक दोनों) को प्राप्ति खाते में जमा किया जाता है जिसे अन्ततः निगम मुख्यालय पर अनुरक्षित प्राप्ति खाते में प्रेषित करना होता है, प्रसार भारती द्वारा डी.डी.ओ. को जारी अनुदानों को व्यय लेखे में जमा किया जाता है तथा सभी भुगतानों को उसमें से किया जाता है। यद्यपि प्रसार भारती के

31 मार्च 2002 को समाप्त वर्ष के खातों की संवीक्षा से पता चला कि क्षेत्रीय इकाईयों के प्राप्ति एवं व्यय लेखाओं के अन्तर्गत पड़े बैंक शेषों को लेखाओं में पृथक तौर पर नहीं दिखाया गया था। इसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष के अन्त में उपरोक्त खातों में पड़े शेषों का लेखापरीक्षा में सत्यापन नहीं हो सका। प्रसार भारती, इन लेखाओं में पड़ी राशियों का पी.ए.ओ. वार वर्गीकृत ब्यौरा भी उपलब्ध नहीं करा सकी। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि एक बार दोनों प्राप्ति एवं व्यय लेखे के लिए बैंक समाधान विवरणी तैयार करने की प्रक्रिया पूरी हो जाय, दोनों खातों का वर्गीकरण भविष्य में लेखों में दर्शाया जायेगा।

4.2.3 अन्त बैंक शेष - आकाशवाणी लेखेः 3.22 करोड़ रू.

प्रसार भारती ने उपरोक्त लेखे के बारे में रोकड़ बही का अनुरक्षण नहीं किया था। परिणामस्वरूप, आकाशवाणी प्राप्ति लेखे शीर्ष के अन्तर्गत दिखाये गये 3.22 करोड़ रू. के अन्त शेष की औचित्यता का लेखापरीक्षा में सत्यापन नहीं हो सका। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि आकाशवाणी प्राप्ती लेखे की रोकड़ बही का निर्माण कर लिया गया है तथा इसे आगामी लेखापरीक्षा के दौरान दिखा दिया जायेगा।

4.2.4 अन्त शेष - बैंक - डी डी प्राप्तियां लेखेः 2.67 करोड़ रू.

प्रसार भारती ने उपरोक्त लेखाओं की रोकड़ बही का अनुरक्षण नहीं किया था। परिणामस्वरूप, डी.डी. प्राप्ति लेखे शीर्ष के अन्तर्गत दर्शाये गये 2.67 करोड़ रू. के अन्त शेष की शुद्धता का लेखापरीक्षा में सत्यापन नहीं किया जा सका। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि डी डी प्राप्ति लेखाओं की रोकड़ बही का अनुरक्षण कर लिया गया है तथा इसे आगामी लेखापरीक्षा के दौरान दिखा दिया जायेगा।

5 सामान्य

5.1 महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति सं.3 की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें कहा गया है कि संघ सरकार द्वारा परिसम्पत्तियों का स्थानान्तरण का वास्तविक मूल्यांकन एवं सत्यापन होना भी आवश्यक है। इसलिए संघ सरकार द्वारा स्थानांतरित परिसम्पत्तियों की सूची को दर्शाते हुए एक विवरणी उनकी उस कीमत के साथ जिस पर उनका लेखांकन किया गया है का विशिष्टतः खुलासा करना चाहिए और इसकी एक टिप्पणी अनुसूची 25 के अन्तर्गत लगानी चाहिए। वास्तविक मूल्यांकन तथा सत्यापन के लम्बित होने के तथ्य का खुलासा भी लेखाओं के भाग के रूप में टिप्पणी द्वारा करना चाहिए। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि सूची केवल प्रोफार्मा लेखे पूर्ण होने पर ही पूरी की जायेगी। वास्तविक सत्यापन एवं मूल्यांकन के तथ्य एवं अनिर्णय का खुलासा लेखाओं की टिप्पणी के रूप में किया जाएगा।

5.2 प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम 1970, के अनुभाग 3(4) के अनुसार, इसके सामान्य अधिक्षण, निर्देश तथा मामलों के प्रबन्धन प्रसार भारती बोर्ड में निहित हैं, जो उन सभी ऐसी शक्तियों का प्रयोग कर सकता है और वे सभी क्रियाएं कर सकता है जो इस अधिनियम के तहत प्रसार भारती द्वारा प्रयोग या क्रयान्वित की जाती है।

लेखापरीक्षा में यह देखा गया था कि प्रसार भारती की कोई लेखांकन नियम पुस्तिका नहीं थी। मूल्य निपुण अभिशासन को सुनिश्चित करने हेतु कोई विशिष्ट दस्तावेजी आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली भी नहीं थी। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से पारित लेखांकन नीति को ध्यान में रखकर ही लेखाकरण नियम पुस्तिका तैयार की जायेगी।

5.3 सा.वि.नि. के नियम 116(1) के अनुसार, वर्ष में एक बार परिसम्पत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन होना चाहिए, परन्तु प्रसार भारती के पास क्षेत्रीय इकाईयों द्वारा परिसम्पत्तियों के प्रत्यक्ष सत्यापन पर कोई सूचना नहीं थी, तथा उसने बताया (अप्रैल 2004) कि क्षेत्रीय इकाईयों से उनके अधिकार में परिसम्पत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन करके उसे एक रजिस्टर में दर्ज करना अपेक्षित था। रजिस्टर क्षेत्रीय इकाईयों में उपलब्ध थे। परिसम्पत्तियों के प्रत्यक्ष सत्यापन की सूचना के अभाव में, प्रसार भारती के 31.3.2002 को समाप्त वर्ष के लेखाओं में दर्शाए गए परिसम्पत्तियों के मूल्य का लेखापरीक्षा में सत्यापन नहीं हो सका। प्रसार भारती ने आगे बताया (फरवरी 2005) कि क्योंकि परिसम्पत्तियों के संरक्षक क्षेत्रीय इकाईयां थीं, उन्हें मौजूदा इंतजामों के तहत परिसम्पत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन करने तथा प्रमाण पत्र रजिस्टर में दर्ज करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। पहले इस तरह का प्रमाण पत्र क्षेत्रीय इकाईयों द्वारा प्रोफार्मा लेखों में दर्ज किया जाता था। यद्यपि पूर्व प्रथानुसार, प्रतिवर्ष मार्च को प्राप्तियाँ एवं भुगतान लेखे के साथ आ.सं.अ. को प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने को कहा जायेगा।

5.4 प्रसार भारती इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं कर सकी कि उसके पास कोई बेकार या अप्रयोज्य परिसम्पत्तियाँ नहीं हैं। इसने बताया (अप्रैल 2004) कि म.नि.आ.वा. तथा म.नि. दूरदर्शन दोनों को ही क्षेत्रीय इकाईयों से सूचना प्राप्त करने की सलाह दी गई है और यह इन कार्यालयों में उपलब्ध होंगी। परिणामतः 5052.88 करोड़ रू. की स्थायी परिसम्पत्तियों के मूल्य की औचित्यता को लेखापरीक्षा में सत्यापित नहीं किया जा सका। प्रसार भारती ने आगे बताया (फरवरी 2005) कि कार्यालयाध्यक्षकों/विभागाध्यक्षकों को भंडारणों की पहचान करके उनका निपटान करने की शक्तियों से प्रत्यायोजित कर दिया गया है। क्षेत्रीय इकाईयों को भी इस आशय के अनुदेश जारी कर दिये गये हैं।

5.5 लेखाओं पर टिप्पणियाँ

लेखाओं पर टिप्पणियों की मद 11 के अनुसार प्रसार भारती ने वर्णित किया है कि प्रसार भारती के लेखाओं की लेखापरीक्षा हेतु नि.म.ले.प. के शुल्क का प्रावधान नहीं किया गया है क्योंकि संवैधानिक लेखापरीक्षकों ने इसका परामर्श नहीं किया था। इस मद को शामिल करना नियमों के अनुसार नहीं है और, जिन मामलों में लेखापरीक्षा नि.म.ले.प.(कर्त्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा शर्तें) अधिनियम 1971 की धारा 19(2) तथा 20 के अन्तर्गत की जाती है, उनमें वार्षिक लेखाओं के सत्यापन के लिए शुल्क प्रभारित करना अनिवार्य है।

6. आन्तरिक लेखापरीक्षा

प्रसार भारती के 31.3.2002 के तुलन पत्र के अनुसार 5380.45 करोड़ रू. की परिसम्पत्तियाँ एवं देयताएं थीं जिनमें 5052.88 करोड़ रू. की स्थायी परिसम्पत्तियाँ थीं। इसने वर्ष 2001-02 के दौरान भारत सरकार से 930.13 करोड़ रू. के अनुदान और 142.05 करोड़ रू. का ऋण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त इसने 9.09 करोड़ रू. की अनुदान सहायता स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय तथा अन्य मन्त्रालयों से प्राप्त किये। यद्यपि यह देखा गया था कि प्रसार भारती में कोई आन्तरिक लेखापरीक्षा प्रणाली विद्यमान नहीं थी।

प्रसार भारती द्वारा भारत सरकार से प्राप्त की जा रही बड़ी अनुदान राशि तथा इसकी विस्तृत गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए, व्यय के परिमाण, गति और औचित्यता निधियों के विपथन, आय एवं व्यय के समाशोधन आदि पर निगरानी रखने हेतु एक आन्तरिक लेखापरीक्षा प्रणाली स्थापित करने की तुरन्त आवश्यकता है। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) मुख्य नियंत्रक लेखे, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की अनुमति से एक दल का गठन

पहले ही किया जा चुका है और एक आन्तरिक लेखापरीक्षा अवसंरचना की स्थापना के इन्तजार के बिना इसने प्रसार भारती के डी.डी.ओ. की आन्तरिक लेखापरीक्षा करना आरम्भ कर दिया है।

7 लेखाओं का फार्मेट

महत्वपूर्ण लेखाकरण नितियाँ (अनुसूची-24)

इसकी वित्तीय विवरणियों को रोकड़ आधार पर तैयार करने सम्बन्धी लेखाकरण निति सं. 1 की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है। प्रसार भारती की नीति सामान्य तौर पर अपनाये जाने वाले लेखाकरण सिद्धान्तों से मेल नहीं खाती। इसके अतिरिक्त भारत सरकार, वित्त मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय स्वायत्त निकायों के लिए निर्धारित लेखाओं का एक रूप फार्मेट भी लेखाकरण की प्रोदभूत प्रणाली के सिद्धान्तों पर आधारित है।

8. इकाईयों के अभिलेखे प्रस्तुत नहीं किये गये

दूरदर्शन वाणिज्यिक सेवाएं, नई दिल्ली के अभिलेखे लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किये गये थे। 65 डी.डी.ओ. के प्राप्तियाँ एवं भुगतान लेखे के समेकन से सम्बन्धित अभिलेख वे.ले.का. दूरदर्शन सूचना भवन नई दिल्ली के पास उपलब्ध नहीं थे।

प्रसार भारती निगम मुख्यालय आ.वा.खंड तथा दूरदर्शन खंड के पास मौजूद तथा वर्ष के दौरान उपयोग किये गये कम्प्यूटर हार्डवेयर तथा साफ्टवेयर से सम्बन्धित विवरण लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराए गए थे। परिणामतः इस तथ्य का लेखापरीक्षा में सत्यापन नहीं हो सका। प्रसार भारती ने बताया (फरवरी 2005) कि इन लेखों को वर्ष 2002-03 की लेखापरीक्षा के दौरान प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

9. लेखाओं पर लेखापरीक्षा टिप्पणियों का निवल प्रभाव

गत पैराग्राफों में दी गई टिप्पणियों का निवल प्रभाव यह रहा कि 31.3.2002 को परिसम्पत्तियाँ 115.74 करोड़ रू. से कम दिखाई गई देयताएं 371.11 करोड़ रू. से कम दिखाई गई तथा व्यय की आय के ऊपर अधिकता को 592.08 करोड़ रू. से अधिक दिखाया गया था।

स्थानः- नई दिल्ली
दिनांकः- 6.7.05

महानिदेशक, लेखापरीक्षा
केन्द्रीय राजस्व

लेखापरीक्षा प्रमाण पत्र

मैंने प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) नई दिल्ली के 31 मार्च 2002 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान/आय एवं व्यय लेखे तथा 31 मार्च 2002 के तुलन पत्र की जाँच कर ली हैं।

मैंने, दूरदर्शन वाणिज्यिक सेवाएं, नई दिल्ली के अभिलेखों के लेखाओं तथा 65 डी.डी.ओ के प्राप्तियों एवं भुगतानों के लेखाओं के समेकन से सम्बंधित अभिलेखों तथा प्रसार भारती मुख्यालय आ.वा.खंड तथा दूरदर्शन खंड में उपलब्ध कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर से सम्बन्धित विवरण के अतिरिक्त सभी अपेक्षित सूचना एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं

तथा लेखाओं के साथ संलग्न तथा उनके भाग के रूप में स्पष्टीकरणों एवं संलग्न लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में दी गई अभ्युक्तियों के अधीन रहते हुए, जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित मुख्य लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ हैं:

- वर्तमान देयताओं की न्यूनोक्ति - ऋणात्मक शेष को शामिल करने के कारण जमा निर्माण कार्य के विरूद्ध प्राप्त अग्रिमों को 4.66 करोड़ रू. से कम दिखाया गया था (पैरा 2.1.1.1);
- वर्तमान देयताओं की अत्योक्ति - जमा जमानत राशि, बयाना राशि/प्रतिभूति जमा को, एफ.डी.आर. को शामिल करने के कारण 28.72 लाख रू. से अधिक दर्शाया गया था {पैरा 2.1.1.2(i)} ;
- वर्तमान देयताओं की न्यूनोक्ति - ऋणात्मक शेषों को सम्मिलित करने के कारण, जमाओं, जमानत राशि, बयाना राशि/प्रतिभूति जमा के 4.19 करोड़ रू. से कम दिखाया गया पैरा {पैरा 2.1.1.2(ii)} ;
- 1.19 करोड़ रू. तथा 21.48 करोड़ रू. की आयकर देयता को खारिज नहीं किया गया था {पैरा 2.1.1.3(i) तथा (iv)}
- आ.वा. मुख्यालय के किराये/लाइसैंस शुल्क के गलत बुकिंग के कारण 2.01 करोड़ रू. से देयता की अत्योक्ति तथा आय की न्यूनोक्ति हुई {पैरा 2.1.1.3(ii)} ;
- वर्तमान देयता की न्यूनोक्ति - ऋणात्मक शेषों के शामिल होने के कारण, वेतन एवं मजदूरी आदि से वसूली को 4.15 करोड़ रू. से कम दिखाया गया था (पैरा 2.1.1.3);
- वर्तमान देयताओं की अत्योक्ति - गलत वर्गीकरण के कारण विविध देनदारों को .3.21 करोड़ रू. से अधिक बताया गया था (पैरा 2.1.1.4) ;
- अनुदान सहायता को 18.36 करोड़ रू. से कम दिखाया जाना (पैरा 2.1.2);
- परिसम्पत्ति रजिस्टर का अनुरक्षण न किया जाना (पैरा 2.2.1);
- मासिक अन्तिम बैंक/रोकड़ शेषों तथा बैंक/रोकड़ के अथ शेष में अन्तर होने के कारण परिसम्पत्तियों को 11.17 करोड़ रू. से कम दिखाया जाना {पैरा 2.2.3.3(ii)} ;
- 920.86 करोड़ रू. की सकल अनुदान के पूंजीकरण के कारण आय की न्यूनोक्ति (पैरा 3.2.1);

- अधिसूचित बैंकों में सावधि जमा के रूप में आय की 24.59 लाख रू. से न्यूनोक्ति {पैरा 3.2.2(i)};
- 43 करोड़ रू. की एफ डी आर पर ब्याज का लेखाकरण न किया जाना {पैरा 3.2.2 (ii)};
- आन्तरिक लेखापरीक्षा का न होना (पैरा 6)।

अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर मैं प्रमाणित करता हूँ कि यह लेखे और तुलन पत्र उचित प्रकार से तैयार नहीं किए गये हैं तथा मेरी राय में, मुझे दिये गये तथा प्रसार भारती के अभिलेखों में दर्शाये गये सूचना एवं स्पीष्टीकरणों के अनुसार ये प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) नई दिल्ली के कार्यकलापों का सही एवं उचित रूप प्रस्तुत नहीं करते हैं।

महानिदेशक, लेखापरीक्षा
केन्द्रीय राजस्व

स्थानः- नई दिल्ली
दिनांकः- 6.7.05

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) 31.03.2002 को तुलन पत्र

कार्पस/पूंजीगत निधि और देनदारियां	अनुसूची संख्या	रू0 31.03.2002 को	रू0 31.03.2001 को
कापर्स/पूंजीगत निधि	1	0	1163324448
रिजर्वस् और अधिशेष	2	0	0
उद्दिष्ट/अक्षय निधि	3	7948015535	3588577477
सुरक्षित कर्जे	4	0	0
असुरक्षित कर्जे	5	45394302000	43973802000
आस्थागित जमा देनदारियां	6	0	0
वर्तमान देनदारियां एवं शर्तें	7	462136150	329888462
कुल योग		53804453685	49055592387
परिसंपत्तियां			
नियत परिसंपत्तियां	8	50528817535	46169379477
चालू पूंजीगत कार्य	8	0	0
निवेश (1) उद्दिष्ट/अक्षय निधि	9	0	0
(2) अन्य	10	0	0
वर्तमान परिसंपत्तियां,कर्जे,अग्रिम	11	2608549260	2886212910
विविध व्यय			
आय और व्यय लेखा के अनुसार घाटा		667086890	0
योग		53804453685	49055592387
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	24		
आकस्मिक देनदारियां और लेखा टिप्पणियां	25		

के0एस0सर्मा
सी0ई0ओ0

ह0
एस0 सुन्द्रेसन
सदस्य (वित्त)

ह0
एम0श्रीधरन
महाप्रबन्धक (बी एण्ड ए0)

स्थान : नई दिल्ली

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम)
वर्ष 2001-02 के लिए आय और व्यय लेखा

	अनुसूची संख्या	रू0 31.03.2002 की स्थिति	रू0 31.03.2001 की स्थिति
आय			
बिक्री और सेवा से आय	12	5635527340	6239780013
अनुदान/आर्थिक सहायता	13	0	0
फीस/अंशदान	14	0	0
निवेश से आय (उद्दिष्ट/अक्षय निधियों से हस्तांतरित निधि से आय)	15	0	0
रायल्टी,प्रकाशन इत्यादि से आय	16	0	0
अर्जित ब्याज	17	3516120	35281902
अन्य आय	18	54526424	0
तैयार सामान और कार्यप्रगति पर है से संबंधित बढ़ोत्तरी/(घटोत्तरी)	19	0	0
योग -क		5693569884	6275061915
व्यय			
स्थापना व्यय	20	10728665348	10119353731
कार्यक्रमों से संबंधित व्यय	21	1644458816	1578967662
अनुदान/आर्थिक सहायता पर व्यय	22	0	0
ब्याज	23	0	0
मूल्य ह्रास		0	0
योग-ख		12373124164	11698321393
आय से अधिक व्यय के अन्तर का शेष (क-ख)		- 6679554280	-5423259478
घटा: कार्पस/पूंजीगत निधि से हस्तांतरित		6012467390	-5423259478
जमा : पिछले वर्ष से अग्रेनीत इतिशेष		0	0
घाटा होने के कारण तुलनपत्र में ले जाया गया शेष		-667086890	-
मुख्य लेख नीतियाँ	24		
